SYNERGY

आपकी जानकारी के लिए

BSES Yamuna Power Limited
दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

सितंबर–अक्टूबर 2013

बीवाईपीएल की ओर से गणेश चतुर्थी, दशहरा और ईद–उल जुहा पर शुभकामनाएं

बीवाईपीएल ने जीता आईपीपीएआई अवॉर्ड

बीवाईपीएल ने एक बार फिर आईपीपीएआई का मोस्ट इंप्रूव्ड पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी का पुरस्कार जीता है। इसके साथ ही, लगातार दूसरी बार आईपीपीएआई अवॉर्ड टीम बीवाईपीएल की झोली में आई है।

बीवाईपीएल के 51वें ग्रिड का उद्घाटन

दिल्ली की माननीया मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित ने 25 जुलाई को कोंडली, मयूर विहार फेज–थ्री में बीवाईपीएल के 51वें ग्रिड स्टेषन का उद्घाटन किया। 50 करोड़ रूपये की लागत से तैयार इस ग्रिड के उद्घाटन समारोह में माननीय ऊर्जा मंत्री श्री हारून यूसुफ, माननीय विधायक और दिल्ली विधान सभा में डिप्टी स्पीकर श्री अमरीष गौतम, पार्षद श्री राजीव कुमार वर्मा और बीवाईपीएल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

ऊर्जा मंत्री ने रखी बीवाईपीएल के 54वें ग्रिड की आधारशिला

बीवाईपीएल का 54वां ग्रिड पूर्वी दिल्ली के मंडोली में बनने जा रहा है। माननीय ऊर्जा मंत्री श्री हारून यूसुफ ने माननीय विधायक श्री वीर सिंह धिंगान और बीवाईपीएल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस 66 / 11 केवी ग्रिड की आधारषिला रखी।

अरविंद गुजराल बने बीवाईपीएल के नए सीईओ

श्री अरविंद गुजराल ने बीवाईपीएल सीईओ का पदभार ग्रहण कर लिया है। अब तक वह बीआरपीएल के नेटवर्क ऑपरेशंस विभाग में सीनियर वाइस प्रेजिडेंट थे। उन्होंने श्री रमेश नारायणन की जगह ली है। श्री नारायणन को इसी ग्रुप में दूसरी जिम्मेदारी दी गई है।

श्री गुजराल आईआईएम – इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट – बंगलुरू से एमबीए हैं। उनके पास आईआईटी – बीएचयू से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री भी है। श्री गुजराल के पास करीब 30 वर्षों का कार्य – अनुभव है।

दिल्ली में बिजली संबंधी तथ्य

2002 से:

- बिजली की मांग करीब 100 प्रतिशत बढ़ी है– तब 2879 मेगावॉट से अब 5653 मेगावॉट।
- डिस्कॉम्स की, बिजली खरीद पर आने वाली लागत 300 प्रतिशत बढ़ गई है, जिस पर उनका कोई नियंत्रण नहीं है।
- जबकि, इसी अवधि में आम उपभोक्ताओं के लिए बिजली टैरिफ 70 प्रतिशत ही बढ़ी है।
- चूंकि इस टैरिफ से लागत की वसूली नहीं हो पा रही है, इस वजह से 19,500 करोड़ रूपये का रेगुलेटरी एसेट खड़ा गया है, जो कि भविष्य में मिलेगा, अभी नहीं। जाहिर है, इससे दिल्ली डिस्कॉम्स के सुचारू परिचालन पर काफी असर पड़ रहा है।
- वर्तमान में, बीवाईपीएल का 100 प्रतिशत राजस्व बिजली की खरीद और उसके ब्याज की लागत में चला जाता है। डिस्कॉम्स अपना लागत भी नहीं वसूल पा रही हैं, किसी रिटर्न की तो बात ही बेकार है।
- दिल्ली डिस्कॉम्स अपनी सारी बिजली केंद्र व राज्य सरकारों की बिजली उत्पादन कंपनियों से लंबी अवधि के लिए किए गए पावर परचेज अग्रीमेंट के तहत खरीदती हैं। केंद्र और राज्य की नियामक संस्थाओं द्वारा तय की गई दरों पर डिस्कॉम्स को बिजली मिलती है।
- दिल्ली की डिस्कॉम्स दिल्ली, छत्तीसगढ़, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, झारखंड, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर आदि राज्यों की सरकारी बिजली उत्पादन कंपनियों से बिजली खरीदती हैं।

टीम बीवाईपीएल ने उत्तराखंड में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए दिल्ली की माननीया मुख्यमंत्री को 15.17 लाख रूपये का चेक सौंपा।

हम हमेशा आपके लिए उपलब्ध हैं, कॉल करें 399 99 808

अपने सुझाव व विचार हमें इस पते पर भेजें– कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032। अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.bsesdelhi.com देखें या कॉल करें +91 11 300–99–999